बायो-राइड योजना

स्रोत: पीआईबी

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान नवाचार और उद्यमिता विकास (Bio-RIDE) योजना को मंज़ूरी दी है।**

- **बायो-राइड:**
  - इसका उद्देश्य जैव प्रौद्योगिकी में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है तथा भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाना है।
  - **यह वर्ष 2030 तक भारत को 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर की जैव अर्थव्यवस्था** बनाने और विकसित भारत 2047 के विज़न को प्राप्त करने पर केंद्रित है।
  - इस योजना के कार्यान्वयन के लिये 15वें वित्त आयोग की अवधि (**वर्ष 2021-22 से 2025-26) हेतु 9,197 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है।**
- **आवश्यक तत्त्व:**
  - **जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं विकास:** अनुदान और प्रोत्साहन के माध्यम से सिंथेटिक जीव विज्ञान, जैव फार्मास्युटिकल्स, जैव ऊर्जा आदि में **नवाचार का** समर्थन करता है।
  - **औद्योगिक एवं उद्यमिता विकास:** वित्तपोषण, इनक्यूबेशन और मार्गदर्शन के साथ स्टार्टअप्स को पोषित करता है।
  - **जैव विनिर्माण और जैव फाउंड्री:** जैव विनिर्माण में **संधारणीय प्रथाओं को** बढ़ावा देता है।
    - यह जलवायु परिवर्तन से निपटने, स्वास्थ्य सेवा में सुधार, कृषि को बढ़ावा देने और जैव-आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये पर्यावरण अनुकूल समाधान विकसित करने हेतु **'लाइफस्टाइल फॉर द एनवायरनमेंट (LiFE)' पहल** के अनुरूप एक **सर्कुलर बायो-इकॉनमी का समर्थन** करता है।

और पढ़ें: भारत की जैव प्रौद्योगिकी क्रांति, राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bio-ride-scheme